**मल्टीमीडिया एनालिस्ट**

**आईडीआर के बारे में**

आईडीआर(इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू) विकास समुदाय के क्षेत्र में पहला और सबसे बड़ा मीडिया मंच है। 2017 में समाजसेवी संस्था के रूप में इसकी स्थापना हुई थी, और हम चाहते है कि भारत में सामाजिक प्रभाव को लेकर ज्ञान को बढ़ावा मिले। हम विचारों, अभिमत, विश्लेषण तथा वास्तविक कामकाज को लेकर लेख प्रकाशित करते हैं।

आप आईडीआर हिन्दी की सभी रचनाओं को यहां देख सकते हैं तथा टीम के बारे में यहां जान सकते हैं।

**भूमिका के बारे में**

हमें आईडीआर हिन्दी के लिये  एक मल्टीमीडिया एनालिस्ट की तलाश है। मल्टीमीडिया एनालिस्ट का काम हमारे मल्टीमीडिया प्रोडक्शन काम को बढ़ाना होगा। उनका प्रमुख काम हमारी टारगेटेड ऑडियंस को आकर्षित करने के लिए अलग, सूचनाओं से भरपूर और दिलचस्प सामग्री तैयार करना होगा। मल्टीमीडिया एनालिस्ट की ज़िम्मेदारियों में, मल्टीमीडिया पिचों का मूल्यांकन करने के अलावा कॉन्टेंट एडिटिंग, ग्राफ़िक्स और एनिमेशन बनाना और अलग-अलग तरह के वीडियो तैयार करना शामिल होगा। उन्हें डिजिटल स्टोरीटेलिंग, यूज़र एक्सपीरियंस और ग्राफ़िक्स के सभी प्रकारों की जानकारी होनी चाहिए।

**इस पद पर आपको क्या करना होगा**

मल्टीमीडिया एनालिस्ट को कामकाज में विज़ुअल फ़ीचर जैसे फ़ोटो, वीडियो, ऑडियो स्टोरी और संभव हो तो इलस्ट्रेशन और एनिमेशन वग़ैरह से जुड़े कामों में संपादकीय टीम का सहयोग करना प्रमुख रूप से शामिल होगा। उनसे नए आइडियाज़ खोजने, प्री-प्रोडक्शन जैसे स्क्रिप्टिंग वग़ैरह की जानकारी रखने और कुछ स्टोरीज़ पर स्वतंत्र रूप से काम करने की अपेक्षा भी की जाएगी। मल्टीमीडिया एनालिस्ट, सोशल मीडिया के लिए प्रमोशनल कॉन्टेंट तैयार करने में डिजिटल टीम के साथ भी काम करेंगे।

हम किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में हैं जिसको नई चीजों को आज़माने से डर न लगता हो। वह किसी भी तरह के काम को करने को लेकर उत्साहित हो। हमें एक ऐसे सदस्य की ज़रूरत है जो अस्पष्टता तथा बदलावों को सहजता से स्वीकार करे। आपको एक ऐसे उद्यमोपयोगी माहौल में काम करना है जिसमें आपको दायित्व के साथ साथ प्रयोग करने की आज़ादी दी जाएगी।

आईडीआर अपने टीम के सदस्यों को काम एवं विचारों के साथ प्रयोग की आज़ादी भी देता है।

**महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां**

- कहानियों की सोर्सिंग और पिचिंग
- मल्टीमीडिया कहानियों को पहचानना, चुनना और उन्हें तैयार करना
- विभिन्न सॉफ़्टवेयर्स का उपयोग करके वीडियो, ग्राफ़िक्स, एनिमेशन और स्टिल इमेजेज बनाना
- वीडियो, ऑडियो, ग्राफ़िक्स, एनिमेशन और कभी-कभी स्टिल इमेजेज की एडिटिंग करना
- मल्टीमीडिया कॉन्टेंट के लिए स्क्रिप्ट लिखना
- आईडीआर हिंदी की शैली के विकास और प्रबंधन के लिए संपादकीय टीम के साथ काम करना
- आईडीआर हिंदी के मल्टीमीडिया प्रोडक्शन को बेहतर बनाने के लिए नई तकनीक और तरीक़े खोजना, उन्हें अपनाना
- मल्टीमीडिया कॉन्टेंट के प्रस्तुतीकरण की शैली तय करने के लिए आईडीआर हिंदी टीम के साथ काम करना
- प्लेटफ़ॉर्म पर कॉन्टेंट प्रकाशित करना

**आवेदन करें अगर**

- आप सामाजिक बदलाव से जुड़े मुद्दों में गहरी दिलचस्पी रखते हैं
- आपके पास इन्फोग्राफिक्स, एनीमेशन वीडियो, स्टिल मोशन वीडियो और अन्य मल्टीमीडिया सामग्री विकसित करने के लिए कैनवा, डूडल मेकर, इन्फोग्राफिक, वायॉन्ड, एडोब या ऐसे अन्य सॉफ्टवेयर जैसे सॉफ्टवेयर का मजबूत ज्ञान है।
- आपके पास एक पोर्टफोलियो है जो रचनात्मक कहानी कहने की तकनीकों और प्रभावी संचार कौशल की ठोस समझ प्रदर्शित करता है।
- आप स्वतंत्र रूप से काम करने तथा आलोचनात्मक चिंतन की क्षमता रखते हैं
- आपके पास मल्टीमीडिया सामग्री तैयार करने का 2 से 4 साल का अनुभव है

अपनी सीवी तथा पोर्टफोलियो/ या ऑडियो वीडियो सैंपल भेजें: hindi@idronline.org

आपका लेखन सैम्पल ऐसा नहीं हो जिसको किसी और के द्वारा संपादित किया गया हो। चुने जाने पर एक छोटा असाइनमेंट पूरा करने के लिए कहा जाएगा, उसके बाद इंटरव्यू होगा।

इस पद का वेतनमान 5.4 लाख रुपए प्रति साल तक जा सकता है। वेतन का निर्णय आवेदक के अनुभव के आधार पर तय होगा।